


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## भविष्य ज्योति 2026

### हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों का सम्मान कल अलीगढ़ में, ऐसे कराएं पंजीकरण




अलीगढ़ में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए "भविष्य ज्योति 2026" कार्यक्रम का आयोजन 26 मई को किया जाएगा। यह आयोजन अमर उजाला और Mangalayatan University के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इस सम्मान समारोह में यूपी बोर्ड, CBSE, CISCE और एएमयू बोर्ड के वे छात्र-छात्राएं शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना है। आयोजकों के अनुसार, पंजीकरण QR कोड के माध्यम से कराया जा सकता है। चयनित विद्यार्थियों को फोन कॉल के जरिए सूचना दी जाएगी।

## Aligarh News: जीरो ग्रैविटी ने दोनों वर्गों में जीता खिताब




अलीगढ़ में आयोजित जीरो वायलेशन बास्केटबॉल लीग में जीरो ग्रैविटी टीम का दबदबा देखने को मिला। टीम ने बालिका वर्ग में त्रिशूल टाइटंस को 57-14 और बालक वर्ग में 45-42 से हराकर दोनों खिताब अपने नाम किए। बालिका वर्ग में Vanshika Raj और बालक वर्ग में Saksham Singh को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

## Aligarh News: लोडर की टक्कर से बाइक सवार इंजीनियर की दर्दनाक मौत



अलीगढ़ के थाना रोरावर क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार इंजीनियर की मौत हो गई। हादसा खेरेश्वर चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुआ, जहां तेज रफ्तार लोडर वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान हाथरस के सासनी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी नगला निवासी 26 वर्षीय दिलीप पाठक पुत्र उद्धव पाठक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दिलीप नोएडा की एक निजी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे और रविवार को बाइक से नोएडा से अपने घर लौट रहे थे। शाम करीब चार बजे हुए हादसे में दिलीप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर पहचान की गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ प्रथम नरेंद्र सिंह के अनुसार आरोपी लोडर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## Aligarh News: क्रिकेट ट्रायल में 116 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम




अलीगढ़ में स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-15 और अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल रविवार को राजेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल मैदान में संपन्न हुए। ट्रायल में कुल 116 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। एसोसिएशन के सचिव Meghraj Singh ने बताया कि एसोसिएशन का दूसरा संस्करण जून के पहले सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के मैचों का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिलेगा।

चयनकर्ता Tushar Rajput और Vishu Thakur के अनुसार ट्रायल के बाद चयन प्रक्रिया पूरी कर अंडर-15 और अंडर-19 दोनों वर्गों की टीमों का गठन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को जल्द सूचना दी जाएगी। इसके साथ ही छह जून से डिस्ट्रिक्ट स्कूल प्रीमियर लीग का आयोजन राजेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्कूल मैदान में किया जाएगा। इस दौरान स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव Rinku Dixit समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## UP News: DU छात्रा को चार दिन तक बंधक बनाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

लखनऊ से एक बेहद गंभीर और शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय की एक छात्रा को कथित तौर पर चार दिन तक बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़िता ने पहले दिल्ली के आनंद विहार थाने में एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद मामला लखनऊ के Sushant Golf City इलाके में ट्रांसफर कर दिया गया है। पुलिस अब पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। पीड़िता स्नातक की छात्रा है और पढ़ाई के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय से जुड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार, वह 1 मई को कॉलेज की छुट्टी के बाद अपने घर जौनपुर गई थी। 15 मई को परीक्षा के एडमिट कार्ड के लिए वह सुहेलदेव एक्सप्रेस से दिल्ली लौट रही थी। इसी दौरान उसका पुराना दोस्त Shivam Yadav उससे संपर्क में आया और चारबाग स्टेशन पर मिलने के लिए कहा।



आरोप है कि जैसे ही छात्रा चारबाग स्टेशन पहुंची, शिवम यादव अपने एक साथी के साथ वहां मौजूद था। दोनों ने उसे बहाने से ट्रेन से उतार लिया और फिर उसे लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में स्थित एक फ्लैट में ले गए। वहां कथित तौर पर छात्रा को नशीला पदार्थ मिला हुआ कोल्ड कॉफी पिलाई गई, जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के बयान के अनुसार, अगले दिन आरोपी के एक अन्य साथी ने भी उसके साथ गलत काम किया। इसके बाद 17 मई को एक और व्यक्ति फ्लैट पर पहुंचा और तीनों ने मिलकर छात्रा का शारीरिक शोषण किया। इस दौरान उसे चार दिन तक बंधक बनाकर रखा गया और बाहर जाते समय कमरे को बाहर से बंद कर दिया जाता था। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# Aaj Ka Rashifal 25 May

## मेष और कुंभ समेत इन 5 राशियों की सुख-सुविधाओं में इजाफा होने के योग



25 May Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 25 मई 2026 का राशिफल।सोमवार, 25 मई को ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि है। इस तिथि देशभर में गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन पुरुषोत्तम मास का 10वां दिन होगा जिसमे, गंगा दशहरा, रवि योग, आडल योग और विडाल योग का संयोग रहेगा।

### मेष

आज किस्मत आपके व्यापार और धन के दरवाजे खोलती नजर आ रही है। आमदनी बढ़ने से मन खुश रहेगा और लंबे समय से अटका पैसा भी अचानक वापस मिल सकता है। यदि खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखेंगे, तो आर्थिक स्थिति और मजबूत बनेगी। आज लोग आपकी मदद के लिए खुद आगे आएंगे। संतान की सफलता आपका सिर गर्व से ऊंचा कर देगी। पिता की कोई बात थोड़ी कड़वी लग सकती है, लेकिन उसके पीछे छिपी चिंता और प्यार को समझने की कोशिश करें।

### वृषभ

आज का दिन नए अवसरों और आर्थिक तरक्की का संकेत दे रहा है। आय बढ़ने के योग हैं और कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन बेहद शानदार रहेगा। मेहनत का परिणाम उम्मीद से बेहतर मिलेगा। बॉस के साथ हल्की बहस हो सकती है, लेकिन साथी कर्मचारी आपका पूरा साथ देंगे। घर में नया इलेक्ट्रॉनिक सामान आने से खुशी का माहौल बनेगा।

### मिथुन

आज आपका मन आराम, स्वादिष्ट भोजन और सुकून भरे पलों में डूबा रहेगा। सरकारी कामों में थोड़ी रुकावट आ सकती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई बड़ा फैसला आज आपके पक्ष में जा सकता है। ध्यान रखें, निजी बातों में किसी अनजान व्यक्ति की राय लेना नुकसान करा सकता है। माता-पिता के साथ बिताया गया समय आपके दिल को शांति देगा। धार्मिक माहौल और भक्ति में भी मन खूब लगेगा।

### कर्क

आज सितारे आपको एक ही संदेश दे रहे हैं। अपनी सेहत को नजरअंदाज मत कीजिए। कामकाज में कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आपका धैर्य आपको संभाल लेगा। नौकरी बदलने का विचार कर रहे लोगों को बेहतर अवसर मिल सकता है। संतान के भविष्य को लेकर कोई महत्वपूर्ण योजना बन सकती है। जीवनसाथी के साथ बिताया गया समय रिश्तों में मिठास और अपनापन बढ़ाएगा।

### सिंह

आज का दिन नई शुरुआत और जीत का एहसास कराने वाला है। धन और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है, जिससे राहत मिलेगी। प्रॉपर्टी से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। आपके भीतर कुछ बड़ा और अलग करने की आग दिखाई देगी। बस दूसरों की निजी बातों में दखल देने से बचें, वरना बेवजह विवाद खड़ा हो सकता है।

### कन्या

आज व्यापार में थोड़ी उठा-पटक देखने को मिल सकती है। किसी सहयोगी की बात दिल को चुभ सकती है, लेकिन गुस्से की बजाय समझदारी से काम लें। पिता द्वारा दी गई जिम्मेदारी आपके भविष्य के लिए अहम साबित हो सकती है। पारिवारिक मामलों में संतुलन बनाकर चलना जरूरी होगा। अच्छी बात यह है कि मेहनत आखिरकार आपको सफलता जरूर दिलाएगी। बाहर रहकर काम करने वालों को विशेष सावधानी बरतनी होगी।

### तुला

आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। किसी काम में उम्मीद के मुताबिक परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। जल्दबाजी में किया गया निवेश नुकसान दे सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। कार्यक्षेत्र में बदलाव की जरूरत महसूस होगी। संतान की सेहत को लेकर चिंता बढ़ सकती है। किसी अजनबी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना भारी पड़ सकता है। वाहन में खराबी के कारण अचानक खर्च भी सामने आ सकता है।

### वृश्चिक

आज खुशियों की हल्की-हल्की बारिश आपके मन को तरोताजा कर देगी। कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपके बहुत काम आएगी। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। किसी दूर के रिश्तेदार से जुड़ी खबर मन थोड़ा भारी कर सकती है, लेकिन वैवाहिक जीवन में चल रही परेशानियाँ धीरे-धीरे खत्म होंगी। बिजनेस में बदलाव के लिए यह समय बेहद अनुकूल है।

### धनु

आज मन किसी अनजानी चिंता में उलझा रह सकता है। संतान पक्ष से जुड़ी कोई बात आपको परेशान कर सकती है। जल्दबाजी में लिए गए फैसले नुकसान करा सकते हैं, इसलिए धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगा। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। नया वाहन खरीदने का सपना भी पूरा हो सकता है। यात्रा के दौरान मिली कोई जानकारी आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद साबित होगी।

### मकर

आज का दिन सुख-सुविधाओं और नए अवसरों से भरा रहेगा। नौकरी बदलने का सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है। काम के सिलसिले में यात्रा के योग बन रहे हैं। कानूनी मामलों को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए अनुभवी सलाह लेना बेहतर रहेगा। घर की जरूरतों पर खर्च बढ़ेगा, लेकिन इससे परिवार में आराम और खुशहाली आएगी। किसी खास मेहमान के आगमन से घर में रौनक बनी रहेगी।

### कुंभ

आज मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है और आत्मविश्वास भी कमजोर महसूस होगा। किसी काम को लेकर यदि दिल पूरी तरह तैयार नहीं है, तो जल्दबाजी में कदम न उठाएं। माता जी की सेहत को लेकर चिंता और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं। धीरे-धीरे आपकी लाइफस्टाइल बेहतर होती नजर आएगी। लंबे समय से रुका काम पूरा होने से राहत मिलेगी। संतान की पढ़ाई और भविष्य को लेकर कोई बड़ा फैसला लिया जा सकता है।

### मीन

आज का दिन भागदौड़ और जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना रिश्तों में दूरी बढ़ा सकता है, इसलिए खुद को शांत रखें। परिवार में यदि कोई विवाद हो, तो आपकी समझदारी माहौल को संभाल सकती है। व्यवसाय को लेकर मन में चिंता बनी रहेगी, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए रास्ता आसान कर देगी। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की छवि मजबूत होगी और बड़ा पद या सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं।

## 45 फीट से छलांग, हवा में टूट गया जिप लाइन का लॉक

## 16 वर्षीय बेटे की मां-बाप के सामने मौत

आगरा के ताजनगरी फेज-2 स्थित चौपाटी में जिप लाइन का लॉक टूटने से 16 वर्षीय कुनाल 45 फीट नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने संचालक और मैनेजर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।आगरा के ताजनगरी फेज-2 स्थित चौपाटी में रविवार शाम फिरोजाबाद से आए चूड़ी व्यापारी के बेटे कुनाल (16) की मौत जिप लाइन से गिरकर हो गई। 10 फीट आगे जाते ही जिप लाइन के पुली का लॉक टूट जाने से वह 45 फीट नीचे आ गिरा। उसे सिर और अन्य जगह गंभीर चोटें लगीं। जब तक परिजन अस्पताल ले गए,




उसकी मौत हो गई। घटना से अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिप लाइन के संचालक और मैनेजर को हिरासत में ले लिया। आंखों के सामने बेटे की मौत से मां को बुरा हाल हो गया और पिता भी बेसुध हो गए। उन्हें लोगों ने किसी तरह संभाला। फिरोजाबाद के उत्तर क्षेत्र स्थित गांधी नगर निवासी पंकज अग्रवाल चूड़ी व्यापारी हैं। वह रविवार को आगरा घूमने आए थे। उनके साथ पत्नी रिंकी, बड़ा बेटा कुनाल और छोटा बेटा साथ में थे। बच्चे ताजगंज स्थित चौपाटी में घूमना चाहते थे इसलिए वहां आए थे। कुनाल ने जिप लाइन में घूमने की जिद की। चौपाटी में 120 फीट लंबी और 45 फीट ऊंची जिप लाइन है। माता-पिता ने कुनाल को भी जिप लाइन में सवार कराया। वह 10 मीटर आगे ही चल पाया था कि अचानक उसकी पुली का लॉक टूट गया। वह 45 फीट नीचे आ गिरा।



## त्विषा केस में आज बड़ा न्यायिक दिनः

### सुप्रीम कोर्ट-हाई कोर्ट और जिला अदालत तक सुनवाई, मौत की मिस्ट्री पर घमासान

त्विषा शर्मा के संदिग्ध मौत मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट और भोपाल जिला अदालत तीनों जगह अहम सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच प्रक्रिया, पुलिस और अस्पताल की भूमिका पर सुनवाई तय की है। हाई कोर्ट में गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग पर सुनवाई होगी, जबकि जिला अदालत में कॉल डिटेल और एम्स के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने संबंधी आवेदन पर बहस होगी।भोपाल की पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह की बहू त्विषा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला अब देश की बड़ी अदालतों तक पहुंच चुका है। सोमवार को यह केस न्यायिक मोर्चे पर अहम मोड़ लेने जा रहा है, क्योंकि अगले 24 घंटे में सुप्रीम कोर्ट, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट और भोपाल जिला अदालत तीनों जगह इस मामले पर सुनवाई होनी है।वहीं, इस मामले में लगातार उठ रहे सवालों और न्यायिक हस्तक्षेप के बाद अब पुलिस जांच, मेडिकल रिपोर्ट और अस्पताल



प्रशासन की भूमिका पर दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है। त्विषा शर्मा मौत मामले ने प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी गंभीर बहस छेड़ दी है।सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच इस केस में संस्थागत पक्षपात, जांच प्रक्रिया और पुलिस व अस्पताल प्रशासन की भूमिका को लेकर सुनवाई करेगी। माना जा रहा है कि सुनवाई के दौरान जांच एजेंसियों की कार्रवाई और मेडिकल प्रक्रियाओं पर भी सवाल उठ सकते हैं।

# 18 की उम्र में गोविंदा के साथ करना था डांस




90 के दशक में करिश्मा कपूर और गोविंदा की जोड़ी काफी मशहूर रही है। साल 1995 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'कुली नंबर 1' उनके करियर की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक बनी हुई है। हाल ही में करिश्मा कपूर ने इस फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया है। यह किस्सा उन्होंने 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के प्रीमियर एपिसोड में बताया।उस दौर को याद करते हुए करिश्मा कपूर ने बताया कि वह उस समय टीनेजर ही थीं और बॉलीवुड के सबसे मशहूर परफॉर्मेस में से एक के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए उन्हें काफी दबाव महसूस हो रहा था। करिश्मा ने उस समय अपनी उम्र और गोविंदा के साथ परफॉर्म करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'उस समय मैं लगभग 17 या 18 साल की थी। मुझे गोविंदा जी के साथ डांस करना था।'एक्ट्रेस ने बताया कि गोविंदा के साथ काम करना रोमांचक भी था और डरावना भी। एक युवा करिश्मा के लिए, स्क्रीन पर उनकी एनर्जी से मैच करना एक ऐसी चुनौती थी, जो उन्हें आज भी साफ-साफ याद है। गोविंदा के साथ डांस करने के अलावा- करिश्मा ने बताया कि यह गाना कोरियोग्राफर गणेश आचार्य के साथ उनके शुरुआती कोलैबोरेशन में से एक भी था। उन्होंने कहा 'मुझे खास तौर पर उस गाने में याद है, यह ची-ची के साथ मेरे पहले या दूसरे डांस नंबर में से एक था। मैं बहुत नर्वस थी और गणेश आचार्य के साथ भी मेरा पहला गाना था, तो वो भी एक नया कॉम्बिनेशन था।

# एकता कपूर ने 'मैं वापस आऊंगा' का किया रिव्यू




इम्तियाज अली ऐसे निर्देशक हैं, जिनकी फिल्मों का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। क्योंकि उनकी फिल्म इमोशनली काफी स्ट्रॉन्ग होती हैं। इन दिनों इम्तियाज अपनी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म निर्माता व टीवी सीरियल्स की क्वीन कही जाने वाली एकता कपूर ने 'मैं वापस आऊंगा' की जमकर तारीफ की है। इस फिल्म ने उन्हें काफी प्रभावित किया। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर 'मैं वापस आऊंगा' से जुड़ा एक लंबा पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने फिल्म का पोस्टर और इम्तियाज अली के साथ अपनी थ्रोबैक फोटोज शेयर कीं। इसके साथ ही एकता ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'फिल्म खत्म होने के काफी समय बाद भी यह मेरे मन में बसी हुई है। सच में मुझे लिखने के लिए पूरा एक दिन लग गया, क्योंकि मैं एक भी शब्द गलत नहीं लिखना चाहती थी। एक ऐसी फिल्म जिसे पूरी दुनिया जून में देखने वाली है, मुझे मई में देखने का मौका मिला। मैं आपको बता दूं इसकी रिलीज से एक महीना पहले ही मैं बस इतना ही कहना चाहती हूं कि आपको अंदाजा भी नहीं है कि आगे क्या होने वाला है।'

# कान 2026 में ऐश्वर्या फैन को दे रही थीं ऑटोग्राफ

कान फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय के साथ उनकी बेटी आराध्या बच्चन का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में आराध्या ने क्यूट रिएक्शन दिए हैं।हाल ही में ऐश्वर्या राय ने कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया है। यहां उन्होंने अपने हुस्न का जलवा दिखाया है। उनकी तस्वीरें और वीडियो खूब वायरल हैं। इस बार कान में ऐश्वर्या अकेली नहीं गईं थीं, उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी थीं। ऐश्वर्या के साथ आराध्या ने भी महफिल लूटी है। यहां से उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बहुत क्यूट रिएक्शन देती हुईं नजर आ रही हैं।इस बार कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय की बेटी आराध्या बच्चन ने डेब्यू किया है। यहां से उनका वीडियो वायरल हुआ है जो चर्चा में है। वायरल




वीडियो में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या राय कान में अपने फैंस से मिल रही हैं। वह अपने फैन के साथ पोज भी दे रही हैं। ऐश्वर्या सबसे आखिर में जब एक शख्स को ऑटोग्राफ दे रही थीं तब आराध्या उनके सामने खड़ी थीं। वीडियो में देखा जा सकता है कि आराध्या अपनी मां के पास ही खड़ी हैं और मुस्कुरा रही हैं। रेड कार्पेट पर एक साथ नजर आने के बाद ही ऐश्वर्या और उनकी जोड़ी ने सुर्खियां बटोरीं। इस खास मौके के लिए, आराध्या ने लाल रंग की फ्रॉक जैसा एक आउटफिट पहना था, जिसके साथ उन्होंने एक चमकीला लाल केप पहना था। वहीं, ऐश्वर्या एक बॉडी-कॉन लाइट पिंक गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। आपको बता दें कि इस साल कान फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 12 से 23 मई के बीच हुआ। इस साल पूरे फेस्टिवल के दौरान ऐश्वर्या अपने फैशन चॉइस और पब्लिक अपीयरेंस, दोनों की वजह से सुर्खियों में बनी रहीं। एक्ट्रेस ने अपने शानदार आउटफिट्स के लिए फैशन की दुनिया में खूब वाहवाही बटोरी। इन आउटफिट्स में स्ट्रैपलेस गाउन से लेकर पावर सूट और फ्लोरल केप तक शामिल थे।

# पोस्टर पर बनी महिला के साथ युवाओं ने

## की घिनौनी हरकत, भूमि पेडनेकर ने लताड़ा; सरकार से की ये मांग



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी एक पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उनकी पोस्ट महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया है। इस पर उन्होंने एक कैप्शन लिखा है। इसमें उन्होंने उन लोगों को जमकर लताड़ लगाई है, जो पोस्टर पर बनी महिला के साथ गलत व्यवहार करते हैं। भूमि ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक महिला की वॉल पेंटिंग के सामने अश्लील इशारे करते दिख रहे हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट ट्यूब इंडियन पर शेयर किए गए एक वीडियो में, कुछ लोगों को कथित तौर पर एक स्विमिंग पूल के पास बनी महिला की वॉल पेंटिंग के साथ गलत व्यवहार करते देखा गया।

# राजा शिवाजी' में 10 साल छोटे

## रितेश की मां बनीं भाग्यश्री, ट्रोलिंग्स का दिया करारा जवाब



राजा शिवाजी' में भाग्यश्री ने 10 साल छोटे रितेश देशमुख की मां का किरदार निभाया है। इसपर कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे थे। अब इस मामले पर एक्ट्रेस ने खुलकर बात की है। फिल्म 'राजा शिवाजी' में भाग्यश्री, रितेश देशमुख की मां यानी राजमाता जिजाबाई का किरदार निभा रही हैं। हालांकि दोनों कलाकारों के बीच सिर्फ 10 साल का उम्र का फर्क है, जिस वजह से सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब भाग्यश्री ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। जूम को दिए एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि इस किरदार के लिए हां कहना उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा,

उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा, 'जब आपको ऐसा किरदार निभाने का मौका मिले, जिसकी कहानियां सुनते हुए आप बड़े हुए हों, तो उसे मना करने का सवाल ही नहीं उठता। और वैसे भी जिजाऊ एक युवा मां थीं।'भाग्यश्री ने आगे बताया कि फिल्म के सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन ने उन्हें खास कॉम्प्लिमेंट भी दिया था। उन्होंने कहा, 'संतोष सिवन सर ने मुझे फोन करके कहा था, 'सॉरी, हमें कैमरे के जरिए आपको थोड़ा ज्यादा उम्र का दिखाना पड़ा, क्योंकि आप अब भी बहुत यंग लगती हैं।'

# Fuel Prices India:

## महंगा तेल और सरकारी सख्ती से बदल रही तस्वीर, देश में घट सकती है पेट्रोल-डीजल की मांग



महंगे कच्चे तेल, कमजोर रुपये और सरकारी ईंधन बचत अभियान के कारण भारत में पेट्रोल-डीजल की मांग घटने की आशंका जताई गई है। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने 2026 के लिए ईंधन मांग वृद्धि के अनुमान में 39 फीसदी कटौती की है। ईरान युद्ध के कारण डिलीवरी लागत भी 19 फीसदी बढ़ गई है। महंगे कच्चे तेल, कमजोर रुपये और सरकारी ईंधन बचत अभियान के कारण भारत में पेट्रोल-डीजल की मांग घटने की आशंका जताई गई है। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने 2026 के लिए ईंधन मांग वृद्धि के अनुमान में 39 फीसदी कटौती की है। ईरान युद्ध के कारण भी 19 फीसदी बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर आम लोगों जरूरी यात्राएं कम कर सकते हैं।

### आखिर क्यों घट सकती है पेट्रोल-डीजल की मांग

ऊर्जा विश्लेषण कंपनी केप्लर ने भारत की 2026 के लिए रिफाइंड उत्पादों की मांग वृद्धि के अनुमान में बड़ी कटौती की है। कंपनी ने मांग वृद्धि का अनुमान 39 फीसदी घटाकर करीब 78 हजार बैरल प्रतिदिन कर दिया है। पहले यह अनुमान 1.28 लाख बैरल प्रतिदिन था। रिपोर्ट के अनुसार पेट्रोल की मांग वृद्धि का अनुमान भी 63 हजार बैरल प्रतिदिन से घटाकर 38 हजार बैरल प्रतिदिन कर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार महंगे होते ईंधन और आर्थिक दबाव के कारण लोग गैर-जरूरी यात्राएं कम कर सकते हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्क फ्रॉम होम बढ़ने, गैर-जरूरी यात्राओं में कमी और सरकार के ईंधन बचत अभियान का सीधा असर डीजल और पेट्रोल की मांग पर पड़ेगा। महंगे तेल की वजह से लोग यात्रा खर्च कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

# Gold Investment

## सिर्फ गहने नहीं, अब समझदारी से करें गोल्ड में निवेश जानें कैसे देश और जेब दोनों रहेंगे मजबूत




भारत में सोना सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि सुरक्षित निवेश माना जाता है। लेकिन बढ़ते आयात बिल और कमजोर रुपये के बीच विशेषज्ञ अब समझदारी से सोना खरीदने की सलाह दे रहे हैं। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड वॉल्ट जैसे विकल्प तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने को सिर्फ मुनाफे का साधन नहीं बल्कि संतुलित निवेश के रूप में देखना चाहिए, ताकि निवेशक और देश दोनों को फायदा मिल सके।भारत में सोना सिर्फ गहना नहीं, बल्कि भरोसे और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। शादी-ब्याह से लेकर मुश्किल समय तक, सोना हर परिवार की आर्थिक ताकत का हिस्सा रहा है। गांव से लेकर शहर तक लोग इसे सुरक्षित निवेश मानते हैं। लेकिन अब बदलती आर्थिक परिस्थितियों में सोने को सिर्फ परंपरा के नजरिए से नहीं देखा जा रहा। बढ़ते आयात बिल, कमजोर रुपया और महंगे कच्चे तेल के बीच सोने की खरीद देश की अर्थव्यवस्था से भी जुड़ गई है। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि सोना खरीदना गलत नहीं है, लेकिन खरीदने का तरीका बदलना जरूरी हो गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को सोना छोड़ने की जरूरत नहीं है,

### क्यों बढ़ रही है सोने की खरीद को लेकर चिंता

भारत दुनिया में सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाले देशों में शामिल है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय परिवारों के पास करीब 34,600 टन सोना मौजूद है, जिसकी कीमत 5 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा आंकी गई है। लेकिन भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसका सीधा असर देश के चालू खाते और रुपये पर पड़ता है। जब रुपया कमजोर होता है और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तब ज्यादा सोना आयात करना आर्थिक दबाव बढ़ा सकता है। यही वजह है कि हाल में प्रधानमंत्री ने लोगों से अनावश्यक सोना खरीद टालने की अपील की थी। विशेषज्ञों का कहना है कि सबसे बड़ी गलती लोग तब करते हैं, जब गहना, निवेश और ट्रेडिंग को एक जैसा मान लेते हैं। शादी या पहनने के लिए खरीदा गया गहना अलग जरूरत है, जबकि निवेश के लिए खरीदा गया सोना अलग उद्देश्य रखता है। इसके अलावा केवल मुनाफे के लिए सोने की ट्रेडिंग करना बिल्कुल अलग चीज है। पारंपरिक ज्वेलरी खरीद में मेकिंग चार्ज, जीएसटी, मार्जिन और शुद्धता जैसी कई चीजें जुड़ी होती हैं। कई बार ग्राहक यह समझ ही नहीं पाता कि वह असली सोने की कीमत दे रहा है या डिजाइन और अतिरिक्त खर्च का पैसा चुका रहा है।शहरी निवेशकों के बीच अब सोने में निवेश का तरीका बदल रहा है। लोग फिजिकल ज्वेलरी की जगह गोल्ड ईटीएफ और डिजिटल विकल्पों की तरफ बढ़ रहे हैं। साल 2025 में गोल्ड ईटीएफ में करीब 43 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया। इसी सोच के साथ गोल्ड वॉल्ट जैसे विकल्प सामने आए हैं। इसमें निवेशक एमसीएक्स से जुड़े लाइव बाजार भाव पर सोना और चांदी खरीद सकते हैं। इसमें सुरक्षित वॉल्ट स्टोरेज की सुविधा मिलती है और जरूरत पड़ने पर फिजिकल डिलीवरी का विकल्प भी मौजूद रहता है।

# Gold Silver Price:

## चांदी की कीमतों में उछाल, सोने में स्थिरता आयात प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी का असर



सोमवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं जबकि चांदी में आयात प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी के कारण उछाल आया। सरकार ने चांदी आयात पर अंकुश लगाया, जिससे घरेलू बाजार में प्रीमियम बढ़ने की उम्मीद है। वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि से सोने पर दबाव रहा।राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं। वहीं, चांदी की दरों में तेजी देखी गई और यह 2,76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। सफेद धातु के आयात पर नए प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी के कारण चांदी में यह उछाल आया।अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों में 1,000 रुपये की वृद्धि हुई। शुक्रवार को यह 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव सर्राफा बाजार में 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। विश्लेषकों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद घरेलू सर्राफा कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत बनी रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सर्राफा बाजार में कमजोरी के बावजूद घरेलू बाजार में सोने की कीमतें स्थिर रहीं।केंद्र सरकार ने चांदी के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। यह कदम रुपये पर दबाव कम करने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सौमिल गांधी ने कहा कि इस कदम से चांदी का आयात कम होने और घरेलू उपलब्धता में कमी आने की उम्मीद है।इससे स्थानीय बाजार में प्रीमियम बढ़ सकता है। सरकार का यह निर्णय बाजार सहभागियों के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

# डर नहीं, समझदारी जरूरी

## गिरते बाजार में पोर्टफोलियो बदलने का समय किन कंपनी और सेक्टर्स पर ध्यान देना चाहिए



वैश्विक तनाव, कमजोर रुपया, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और महंगे कच्चे तेल ने शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव पैदा कर दिया है। नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही निवेशकों की चिंता भी बढ़ गई है। कई खुदरा निवेशकों का पोर्टफोलियो लाल निशान में पहुंच चुका है। बाजार सुबह तेजी से खुलता है और शाम तक गिरावट में पहुंच जाता है। ऐसे माहौल में बड़ी संख्या में लोग घबराकर अपने शेयर बेचने का मन बना रहे हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह बाजार से भागने का नहीं, बल्कि अपने निवेश को समझदारी से दोबारा संतुलित करने का समय है।नोएडा में आईटी कंपनी में काम करने वाले सन्नी गोयल जैसे लाखों निवेशक इन दिनों बाजार की गिरावट से परेशान हैं। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इस साल अब तक नकारात्मक रिटर्न दे चुके हैं। सेंसेक्स में 11.73 प्रतिशत और निफ्टी में 9.66 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, कमजोर होता रुपया, खाड़ी क्षेत्र में तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों का भरोसा कमजोर किया हैऐसे माहौल में कई लोग घाटे में शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। हालांकि विशेषज्ञ इसे बड़ी गलती मान रहे हैं।

## KKR vs DC: कोलकाता को हराकर दिल्ली ने जीत के साथ समाप्त किया सफर IPL का लीग चरण खत्म हुआ अब प्लेऑफ की बारी



दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर को 40 रनों से हरा दिया। इसी के साथ आईपीएल 2026 के लीग चरण का समापन हो गया। 70 मैचों के बाद प्लेऑफ की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। इनमें आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद और राजस्थान शामिल हैं। 26 मई को पहला क्वालिफायर खेला जाएगा जबकि 27 मई को एलिमिनेटर मैच होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 40 रनों से हरा दिया। रविवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में केकेआर 18.4 ओवर में सिर्फ 163 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली। इसी के साथ आईपीएल 2026 का लीग चरण समाप्त हो गया। प्लेऑफ की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। आरसीबी, गुजरात, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहीं। तालिका में शीर्ष-दो स्थानों पर रहने वाली आरसीबी और गुजरात के बीच 26 मई को धर्मशाला में पहला क्वालिफायर मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, 27 मई को मुल्लांपुर में हैदराबाद और राजस्थान के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा। दिल्ली को सलामी जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। अभिषेक पोरेल ने केएल राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 27 गेंदों में 40 रन की साझेदारी की। अभिषेक 18 गेंदों में 4 चौकों के साथ 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद साहिल परख ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए 30 गेंदों में 47 रन जुटाकर टीम को 87 के स्कोर तक पहुंचाया। साहिल 17 गेंदों में एक छक्के और तीन चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए।

## IPL 2026: हार्दिक पांड्या की नेतृत्व क्षमता से खुश नहीं पोलार्ड! आखिरी लीग मैच के बाद कही बड़ी बात जानिए

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने माना कि आईपीएल 2026 में हार्दिक पांड्या की कप्तानी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रही और टीम सामूहिक रूप से विफल रही। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच और पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने स्वीकार किया कि कप्तान हार्दिक के नेतृत्व में टीम का आईपीएल 2026 का अभियान उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 30 रन की हार के साथ मुंबई इंडियंस का सफर खत्म हो गया और टीम 10 टीमों की अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही। मुंबई इंडियंस को इस सीजन 14 मैचों में 10 हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पोलार्ड ने कहा कि कप्तानी के लिहाज से यह सीजन हार्दिक पंड्या के लिए वैसा नहीं रहा जैसा वह चाहते थे। उन्होंने कहा, 'नेतृत्व के नजरिए से देखें तो हार्दिक के लिए यह सीजन वैसा नहीं गया जैसा वह व्यक्तिगत तौर पर चाहते थे। मैनेजमेंट भी बेहतर परिणाम की उम्मीद कर रहा था, लेकिन



हमने उन्हें सफल बनाने के लिए हर संभव कोशिश की।' पोलार्ड ने साफ कहा कि यह पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ की सामूहिक विफलता है। उन्होंने कहा, 'हार के बाद किसी एक खिलाड़ी पर उंगली उठाना सही नहीं होगा। हम सभी ने कोशिश की, लेकिन चीजें हमारे पक्ष में नहीं गईं। अब समय है बैठकर समीक्षा करने का और आगे की रणनीति तय करने का।' मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन के बाद टीम में बड़े बदलाव की चर्चा तेज है, लेकिन पोलार्ड ने कहा कि फिलहाल भावनाओं में आकर कोई फैसला लेना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'अभी यह तय करने का समय नहीं है कि टीम में क्या बदलाव होंगे। हमें पूरे सीजन का निष्पक्ष आकलन करना होगा कि आखिर कहां गलती हुई।' गौरतलब है कि 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन इस बार टीम प्लेऑफ की दौड़ से काफी पहले बाहर हो गई।

## KKR vs DC Highlights: लीग चरण के आखिरी मुकाबले में दिल्ली की शानदार जीत केकेआर को 40 रन से हराया



दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर को 40 रनों से हरा दिया। इसी के साथ आईपीएल 2026 के लीग चरण का समापन हो गया। 70 मैचों के बाद प्लेऑफ की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। इनमें आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद और राजस्थान शामिल हैं। 26 मई को पहला क्वालिफायर खेला जाएगा जबकि 27 मई को एलिमिनेटर मैच होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 40 रनों से हरा दिया। रविवार को ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने केएल राहुल की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में केकेआर 18.4 ओवर में सिर्फ 163 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सर्वाधिक 63 रनों की पारी खेली। इसी के साथ आईपीएल 2026 का लीग चरण समाप्त हो गया। प्लेऑफ की चारों टीमें तय हो चुकी हैं। आरसीबी, गुजरात, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहीं। तालिका में शीर्ष-दो स्थानों पर रहने वाली आरसीबी और गुजरात के बीच 26 मई को धर्मशाला में पहला क्वालिफायर मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, 27 मई को मुल्लांपुर में हैदराबाद और राजस्थान के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा।

## SL Akshay: कर्नाटक के पूर्व गेंदबाज अक्षय का दिल का दौरा पड़ने से निधन रणजी ट्रॉफी विजेता टीम का थे हिस्सा

क्रिकेट के मैदान से एक दुखद खबर सामने आई है। कर्नाटक के पूर्व तेज गेंदबाज एसएल अक्षय का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। अक्षर रविवार को केएससीए तीसरे डिवीजन मैच में सैफायर सीसी की ओर से खेल रहे थे। लेकिन तभी उन्हें कुछ दिक्कत हुई। कर्नाटक के पूर्व तेज गेंदबाज एसएल अक्षय का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 39 वर्ष के थे। अक्षय उस टीम का हिस्सा रहे थे जिसने 2014-15 सत्र में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। वह रविवार को केएससीए तीसरे डिवीजन मैच में सैफायर सीसी की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद अक्षय ने असहज महसूस होने की शिकायत की और मैदान से बाहर चले गए। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया,



कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 'अक्षय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कर्नाटक का शानदार प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद भी उन्होंने पूरे समर्पण और जुनून के साथ क्रिकेट की सेवा जारी रखी।' जूनियर स्तर के कोच के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका राज्य में क्रिकेट प्रतिभाओं के विकास पर स्थायी प्रभाव पड़ा। एसएल अक्षय ने 2011 से 2013 के बीच कर्नाटक के लिए छह प्रथम श्रेणी, तीन लिस्ट ए और नौ टी20 मुकाबले खेले थे।

## टेस्ट क्रिकेट में बदलाव की तैयारी: दिन में भी गुलाबी गेंद से खेले जा सकते हैं मैच ICC बैठक में बड़ा प्रस्ताव



आईसीसी टेस्ट क्रिकेट में दिन के मैचों में भी गुलाबी गेंद इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है, ताकि खराब रोशनी में बेहतर विजिबिलिटी मिल सके। अगर प्रस्ताव मंजूर हुआ, तो एक अक्तूबर से नए नियम लागू हो सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अब दिन के समय खेले जाने वाले टेस्ट मै भी गुलाबी गेंद के इस्तेमाल का रास्ता खुल सकता है। अब तक गुलाबी गेंद का उपयोग केवल डे-नाइट टेस्ट मैचों में होता रहा है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की क्रिकेट समिति ने इस पर नई चर्चा शुरू कर दी है। आईसीसी की क्रिकेट समिति की अहम बैठक हाल ही में जिम्बाब्वे के हरारे में आयोजित की गई। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि दिन के टेस्ट मैचों में भी लाल गेंद की जगह गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस प्रस्ताव पर क्रिकेट जगत में गंभीरता से विचार किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ट मैचों के दौरान खराब रोशनी और बारिश जैसी परिस्थितियों में लाल गेंद को देखने में खिलाड़ियों और अंपायरों को दिक्कत होती है। ऐसे में गुलाबी गेंद बेहतर विजिबिलिटी प्रदान कर सकती है। इसी वजह से इसे दिन के टेस्ट मैचों में भी इस्तेमाल करने का सुझाव सामने आया है। आईसीसी की बैठक 30 मई को समाप्त हुई थी। इसके बाद संभावना जताई जा रही है कि एक अक्तूबर से नए नियम लागू किए जा सकते हैं। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला आईसीसी बोर्ड की मंजूरी के बाद ही लिया जाएगा।



क्रिकेट समिति का मानना है कि गुलाबी गेंद के इस्तेमाल से पहले दोनों टीमों की सहमति जरूरी होनी चाहिए। क्योंकि लाल और गुलाबी गेंद के व्यवहार में अंतर होता है, जिसका असर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों पर पड़ सकता है। यदि यह नियम लागू होता है, तो टेस्ट क्रिकेट के पारंपरिक स्वरूप में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इससे मैचों में दृश्यता बेहतर हो सकती है और खराब रोशनी के कारण खेल रुकने की समस्या भी कम हो सकती है। आईसीसी की बैठक 30 मई को समाप्त हुई थी। इसके बाद संभावना जताई जा रही है कि एक अक्तूबर से नए नियम लागू कि

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















